Total number of pages – 8

32T ADHI

# 2022

# ADVANCE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 30**

**Time : Three hours**

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

| | |
|---|---|
| *Q. No. 1 carries 1 mark each* | 1 × 12 = 12 |
| *Q. No. 2 carries 2 marks each* | |
| | * 2 × 6 = 12 |
| | * 2 × 4 = 8 |
| | * 2 × 2 = 4 |
| *Q. No. 3 carries 4 marks each* | |
| | * 4 × 2 = 8 |
| | * 4 × 2 = 8 |
| | * 4 × 3 = 12 |
| | * 4 × 3 = 12 |
| *Q. No. 4 carries 6 marks each* | 6 × 4 = 24 |
| | Total = 100 |

*Contd.*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×12=12

(क) 'जिसने दुःख पाला हो' किसकी कविता है ?

(ख) गाँधारी ने किसको अभिशाप दिया था ?

(ग) दधीचि ने क्या त्याग किया था ?

(घ) 'विप्लव-गायन' कविता का मूल भाव क्या है ?

(ङ) 'दिनकर' जी का पूरा नाम क्या है ?

(च) 'भास्कर वर्मण' किस तरह का नाटक है ?

(छ) राज्यश्री कौन है ?

(ज) दामोदर राव कौन था ?

(झ) शादी से पहले रानी लक्ष्मीबाई का नाम क्या था ?

(ञ) नाना साहब कौन थे ?

(ट) 'श्लेष अलंकार' किसे कहते हैं ?

(ठ) 'चरण-कमल बंदौ हरिराई' में कौन सा अलंकार है ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

## खण्ड-क

*(किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×6=12

(क) 'सप्तस्वर सप्त सिन्धु में उठे, छिड़ा तब मधुर साम संगीत' – का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) कवि के अनुसार हीरक हार का क्या अर्थ है ?

(ग) 'जिसने इस मधुशाला में' – यहाँ 'मधुशाला' का तात्पर्य किससे है ?

(घ) सावधान! मेरी वीणा में चिनगारियाँ आने बैठी है'
– प्रस्तुत पंक्ति के द्वारा कवि क्या कहना चाहता है ?

(ङ) 'नवीन' जी ने कवियों से क्या आह्वान किया है ?

(च) 'मैं तपस्विनी गाँधारी' – भाव स्पष्ट कीजिए।

(छ) मानवता की राह रोककर कौन खड़ा है ? स्पष्ट कीजिए।

(ज) 'पर मारे जाओगे पशुओं की तरह' गाँधारी ने ऐसा क्यों कहा ?

(झ) 'मानव शांति' कविता में क्या संदेश दिया गया है ?

## खण्ड-ख

*(किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×4=8

(क) 'प्रकृति को हमारा विभाजन स्वीकार्य नहीं है' उक्त कथन किसने किसको कहा है ?

(ख) भास्कर वर्मण और हर्षवर्धन में कौन सी समानता थी ?

(ग) भास्कर वर्मण की प्रतिज्ञा क्या थी ?

(घ) 'भास्कर वर्मण' नाटक के पंचम अंक की घटना का काल और स्थान क्या है ?

(ङ) कंकु कौन थी ?

(च) 'भास्कर धनुष का छूटा तीर है, जो लक्ष्य तक पहुँचकर ही रुकता है' – कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड-ग

*(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×2=4

(क) रानी लक्ष्मीबाई के बचपन की *किन्हीं* दो घटनाओं को रेखांकित कीजिए।

(ख) "अच्छे पुरोहितों और बढ़िया सामान का प्रबन्ध हो गया है।" – किसने किस सन्दर्भ में कहा था ?

(ग) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास में चित्रित *किन्हीं* दो त्योहारों *अथवा* संस्कारों का परिचय दीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

## खण्ड-क

*(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×2=8

(क) भारत ने विश्व के कल्याण के लिए दुनिया को क्या-क्या उपहार दिए हैं ? 'भारत महिमा' कविता के आधार पर लिखिए ।

(ख) 'विप्लव-गायन' कविता के द्वारा कवि 'नवीन' जी ने कवियों से क्या आह्वान किया है ?

(ग) कवि 'दिनकर' के अनुसार वैयक्तिक भोगवाद का समाज पर कैसा प्रभाव पड़ा है ?

## खण्ड-ख

*(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×2=8

(क) भास्कर ने राज्यश्री को किस तरह से सहायता की थी ?

(ख) राजमाता श्यामा के चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) भास्कर वर्मण के अविवाहित रहने का कारण क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।

## खण्ड-ग

(*किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए*) 4×3=12

(क) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के आधार पर नाना साहब की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(ख) तात्या टोपे कौन थे ? उनके व्यक्तित्व के विभिन्न पक्षों को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास में सन् 1857 के भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम की असफलताओं का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया गया है। इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

(घ) तलवार चलाने की कला रानी लक्ष्मीबाई ने कैसे सीखी थी ? उपन्यास के आधार पर लिखिए ।

(ङ) 'झाँसी का सूर्य अस्त हो गया' — उक्त कथन का आशय सप्रसंग स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड-घ

(*निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए*) 4×3=12

(क) छन्द किसे कहते हैं ? दोहा *अथवा* चौपाई छन्द का परिचय दीजिए।

(ख) अलंकार की परिभाषा देते हुए उपमा *अथवा* यमक अलंकार का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ग) रस कितने प्रकार के हैं ? नामोल्लेख कीजिए।

6×4=24

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'महादेवी वर्मा दुःख और वेदना की कवयित्री थी' — 'जिसने दुःख पाला हो' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

*अथवा*

'गाँधारी का अभिशाप' कविता का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'रानी लक्ष्मीबाई' एक नारी प्रधान उपन्यास है — कथानक के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

*अथवा*

'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास में किन-किन समस्याओं को उठाया गया है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

*अथवा*

'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के आधार पर राजा गंगाधर राव की चारित्रिक विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'भास्कर वर्मण' नाटक की कथावस्तु का संक्षेप में उल्लेख कीजिए।

*अथवा*

'भास्कर वर्मण' नाटक के आधार पर कुमार भास्कर द्वारा किए गए महान कार्यों पर प्रकाश डालिए।

——— × ———